an>

Title : Regarding the release of prisoners who have completed their term of punishment.

श्री धर्म वीर गांधी (पटियाला) : अध्यक्ष महोदया, मैं बड़े अदब से सरकार और सदन का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि पंजाब और देश के अलग-अलग भागों में हजारों ऐसे कैदी हैं, जो अपनी पूरी सजा भुगतने के बाद, यानी दस-पन्द्रह साल बाद भी जेलों में पड़े सड़ रहे हैं। इस बारे में पंजाब में दो बार मरण व्रत भी रखा गया। पहले मोहाली में और अब अम्बाला में रखा गया। यह काफी गंभीर और चर्चित मुद्दा है।

मैं सरकार से विनती करता हूं कि पंजाब के ऐसे तमाम लोग, हिन्दुस्तान के तमाम लोग, जो अपनी सजा भुगत चुके हैं, उसके बावजूद भी वे जेलों में सड़ रहे हैं, उन्हें तुरंत रिहा किया जाये।